भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1870
उत्तर देने की तारीख 11 फरवरी, 2026

सेवा गुणवत्ता मानकों का अनुपालन न करना

1870. श्री ईश्वरस्वामी के.:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने अनचाही कॉल्स पर जुर्माने के आदेश जारी किए थे;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या यह भी सच है कि 'ट्राई' ने सेवा गुणवत्ता मानकों का अनुपालन न करने और सेवा गुणवत्ता की अनुपालन रिपोर्ट जमा करने में देरी पर आदेश जारी किए थे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या यह भी सच है कि 'ट्राई' को इन खातों पर सेवा प्रदाताओं पर लगाए गए जुर्माने की राशि अभी तक प्राप्त नहीं हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) एवं (ख) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार वाणिज्यिक संचार उपभोक्ता वरीयता विनियम (टीसीसीसीपीआर) 2018, जो अवांछित वाणिज्यिक संचार को नियंत्रित करते हैं, का अनुपालन नहीं करने पर दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) पर लगभग 153.8 करोड़ रूपए का वित्तीय डिस्इनसेंटिव (एफडी) लगाया है।

(ग) ट्राई ने दिनांक 01.04.2021 से सेवा गुणवत्ता मानकों का अनुपालन नहीं करने और 'अभिगम (वायरलाइन और वायरलेस) सेवा और ब्रॉडबैंड (वायरलाइन और वायरलेस) सेवा गुणवत्ता मानक विनियम, 2024' के अंतर्गत अनुपालन रिपोर्ट जमा करने में देरी होने पर 7.236 करोड़ रूपए का वित्तीय डिस्इनसेंटिव (एफडी) लगाया है।

(घ) ट्राई को सेवा गुणवत्ता मानकों का अनुपालन नहीं किए जाने के कारण 6.577 करोड़ रूपए का वित्तीय डिस्इनसेंटिव (एफडी) प्राप्त हुआ है। इसके अतिरिक्त, ट्राई को टीसीसीसीपीआर 2018 का अनुपालन नहीं करने पर लगाए गए वित्तीय डिस्इनसेंटिव (एफडी) के लिए 2 टीएसपी से 1.75 लाख रूपए का भुगतान प्राप्त हुआ है और अन्य टीएसपी के लिए मामला विचाराधीन है।

*****